खास-खबरें

कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी सचिवों को किसानों की उपज की सही तौल सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश



नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने आज वीसी के माध्यम से जिले के सभी कृषि उपज मंडी सचिवों की बैठक लेकर मंडी प्रांगण में स्थापित तौल कांटों के संचालन एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में सभी एसडीएम भी शामिल हुए। कलेक्टर सिसोनिया ने निर्देश दिए कि मंडियों में किसानों की उपज की सही तौल सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी स्थिति में अवैध कटौत्रा न हो। किसानों को अपनी उपज बेचने में परेशानी नहीं आनी चाहिए और उनके हितों का पूरा ध्यान रखा जाए। कलेक्टर सिसोनिया ने मंडी सचिवों से लाइसेंसधारी व्यापारियों की संख्या तथा उपज की नीलामी में शामिल होने वाले व्यापारियों की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि मंडियों में तौल एवं नीलामी की प्रक्रिया पारदर्शी और नियमानुसार संचालित होनी चाहिए। यदि कोई व्यापारी नियमों का उल्लंघन कर किसानों के साथ अनियमितता करता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को कृषि उपज मंडियों का नियमित निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी तथा अपर कलेक्टर मनोज उपधयाय भी उपस्थित रहे।

स्कूलों से आंगनवाड़ी तक व्यवस्थाओं की जांच, लापरवाही पर नोटिस के निर्देश



नईदुनिया, प्रतिनिधि, शाजापुरः मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत कलेक्टर डॉ. परिक्षित संजयराव झाड़े ने मो. बड़ोदिया क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों, प्राकृतिक खेती और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं में सुधार और कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्राथमिक विद्यालय चौकी मुरादाबाद और मंगलाज में विद्यार्थियों के सीखने के स्तर का आकलन किया। बच्चों के बीच बैठकर उनसे संवाद किया, गणित के सवाल हल करवाए और किताबें पढ़वाईं। उन्होंने शिक्षकों को जादुई पिटारा की सामग्री का प्रभावी उपयोग कर गतिविधि आधारित शिक्षण कराने के निर्देश दिए। चौकी मुरादाबाद स्कूल में पानी की टंकी की मोटर कई दिनों से बंद मिलने पर संबंधित सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

वरिष्ठ समाजसेवी सतीश राठौर (दादा) को वंशकार समाज ने अर्पित की भावपूर्ण श्रद्धांजलि



नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं सभी समाजों में समान रूप से सम्मान प्राप्त करने वाले स्वर्गीय श्री सतीश राठौर (दादा) के निधन पर वंशकार समाज सीहोर द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाज अध्यक्ष धीरज असरेट के नेतृत्व में समाजजनों ने एकजुट होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

समाजजनों ने कहा कि सतीश राठौर दादा का निधन सामाजिक क्षेत्र सीहोर के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका सरल एवं स्नेहपूर्ण व्यक्तित्व, सादगी, सेवाभाव और समाजसेवा के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। वे सभी समाजसेवियों के मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्रोत थे। वंशकार समाज के पूर्व संरक्षक मनोज कैप्टन ने दिवंगत समाजसेवी के निवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की तथा अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में वर्तमान समाज अध्यक्ष धीरज असरेट,(पूर्व अध्यक्ष), संजय बनेले, (पुर्व अध्यक्ष) राकेश समद, वर्तमान उपाध्यक्ष किशोर समंद, संतोष सागर, श्यामलाल, संजय, अशोक कुमार, अक्षय कुमार, विशाल कुमार, गिरीश कनासिया जी , सुरेश कुमार, लकी भाई, यीशु भैय्या, महेश गुरुजी, राजकुमार सागर, सुनील सागर, हीरालाल असरेट जी , रमेश कुमार सागर , संजय कुमार, संजय लाहोरी, सुनील पंसोरिया, राजेश पंसोरिया, धर्मेंद्र, जितेंद्र , नरेन्द्र, मोहन ,एवं अनिल कुमार सहित अनेक समाजजन शामिल रहे।

नेरेटिव के दौर में सकारात्मक कार्य युवाओं तक पहुंचाना जन अभियान परिषद की प्राथमिकता

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की संवाद योजना के तहत संभाग, जिला और विकासखंड समन्वयकों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय, कोठी रोड पर आयोजित की गई। बैठक में पद्मश्री मोहन नागर ने कहा कि नेरेटिव के दौर में समाज के सकारात्मक कार्यों को युवाओं तक पहुंचाना परिषद की प्राथमिकता है। समाज की भागीदारी बढ़ाने और युवाओं को सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। इस दौरान शासी निकाय सदस्य अजीता परमार, संभाग प्रभारी डॉ. सुनीता गुप्ता और संभाग समन्वयक शिवप्रसाद मालवीय मौजूद रहे। विभिन्न जिलों के समन्वयकों ने विभागीय गतिविधियों और कार्यों की प्रगति प्रस्तुत की। मोहन नागर ने युवाओं को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने तथा प्रस्फुटन ग्रामों में गतिविधियां बढ़ाने की बात कही। उन्होंने बताया कि शासन के युवा वर्ष को देखते हुए परिषद ने युवा जन अभियान शुरू किया है। विद्यार्थी कल्याण न्यास, एनएसएस और प्रस्फुटन ग्रामों के सहयोग से शिविर आयोजित कर युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान, जल गंगा संवर्धन और सर्प संरक्षण के क्षेत्र में चल रहे प्रयासों की जानकारी भी दी। अजीता परमार ने विद्यार्थियों के फील्ड वर्क और नेतृत्व क्षमता विकास पर जोर दिया। डॉ. सुनीता गुप्ता ने गतिविधियों के प्रतिवेदन एमआईएस पर अपलोड करने और नियमित समीक्षा के निर्देश दिए। बैठक में सात जिलों के समन्वयक और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में सांसद चौधरी ने सुनीं समस्याएँ

- रिछावर-रमपुरा में आयोजित शिविर में अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश
- 127 में से 64 समस्याओं का मौके पर किया निराकरण



नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रिछावर-रमपुरा में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं जनहित से जुड़े विषयों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शिविर में कुल 127 आवेदन एवं समस्याएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 64 का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सांसद चौधरी ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को सम्मानित कर उन्हें योजनाओं का लाभ निरंतर प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। शासन और प्रशासन का उद्देश्य जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है।

नर्मदा रिवर जल समूह परियोजना के निर्माण कार्यों का निरीक्षणः जन विश्वास शिविर के पश्चात सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने ग्राम रिछावर-रमपुरा में नर्मदा रिवर जल समूह परियोजना के अंतर्गत लगभग 240 गांवों तक मां नर्मदा का स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से परियोजना की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सांसद चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'हर घर जल' के विजन एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के कार्यकाल में प्रारंभ हुई इस महत्वाकांक्षी परियोजना को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में आगे बढ़ाया जा रहा है। यह परियोजना क्षेत्र के लगभग 240 गांवों के परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा का विस्तार और प्रत्येक घर तक स्वच्छ जल पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मनोहर सिंह, जनपद अध्यक्ष पप्पू गंगोत्री, कुलदीप बिश्नोई, धर्मेंद्र रघुवंशी, जितेंद्र सिंह राजपूत, करेली सरपंच राजा भैया, हनुमान सिंह बड़कुर, कामता लोधी, राजेश राजपूत सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं क्षेत्रीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

जनविश्वास अभियान से शासन और जनता के बीच मजबूत हो रहा संवाद : राजस्व मंत्री वर्मा

- लसूड़िया खास में शिविर आयोजित, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं
- हितग्राहियों ने साझा किए योजनाओं से बदले जीवन के अनुभव



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत सीहोर विकासखंड के ग्राम लसूड़िया खास में शिविर आयोजित किया गया। इसमें राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं और शिकायतें सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए, ताकि लोगों को शासकीय कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ें।

शिविर में अपर कलेक्टर वृजेश सक्सेना, जनपद सीईओ नमिता बघेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को आमजन तक पहुंचाना तथा समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत अधिकारी गांवों में पहुंचकर नागरिकों से सीधे संवाद कर रहे हैं। इससे शासन और जनता के बीच विश्वास और संवाद मजबूत हो रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार विकास एवं जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। सरकार का लक्ष्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाना है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, बिजली और पेयजल सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

योजनाओं से जीवन में आया सकारात्मक बदलावः राजस्व मंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और जरूरतमंद परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं का लाभ लेने और विकास कार्यों में सहभागी बनने की अपील की। शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि योजनाओं से आर्थिक संबल मिला है और आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्राप्त हुए हैं। हितग्राहियों ने कहा कि सरकारी सहायता से परिवार की जरूरतें पूरी करने और बेहतर जीवन जीने में मदद मिल रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

विभागीय स्टॉलों से दी योजनाओं की जानकारीः शिविर में विभिन्न शासकीय विभागों ने स्टॉल लगाकर अपनी योजनाओं, कार्यक्रमों और जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी दी। अधिकारियों और कर्मचारियों ने नागरिकों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभों के बारे में बताया। पात्र हितग्राहियों को आवेदन करने और योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया।

शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। ग्रामीणों को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक करने और उन्हें लाभ से जोड़ने के उद्देश्य से जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में गौरव सन्नी महाजन, पंकज गुप्ता, शंकर पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सनातन धर्म में जन्म लेना सौभाग्य की बात : श्रृंगेरी शंकराचार्य



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः दक्षिण आम्नाय श्रृंगेरी शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी विधुशेखर भारती महाराज ने शुक्रवार को विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने गर्भगृह में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ज्योतिर्लिंग का अभिषेक एवं पूजन किया और भारत तथा सनातन धर्म के विश्व में सर्वोच्च स्थान पर प्रतिष्ठित रहने की कामना की। दर्शन के बाद उन्होंने महाकाल महालोक का भ्रमण कर आगामी सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों पर संतोष जताया।

महाकाल मंदिर पहुंचने पर प्रबंध समिति की ओर से प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने शंकराचार्य का परंपरागत स्वागत किया। शासकीय पुजारी घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में महापूजा एवं अभिषेक संपन्न हुआ। इसके बाद उन्होंने सभा मंडप स्थित चंद्रादित्येश्वर महादेव, आदि शंकराचार्य मंदिर और वीरभद्र भगवान का पूजन-अर्चन किया।

सनातन परंपरा में जन्म लेना सौभाग्यः मीडिया से चर्चा में शंकराचार्य ने कहा कि मृत्युंजय महाकालेश्वर की पावन भूमि पर आकर मन प्रसन्न है। उन्होंने भगवान महाकाल से विश्व कल्याण और भारत तथा सनातन हिंदू धर्म के गौरव को सदैव सर्वोच्च बनाए रखने की प्रार्थना की। उन्होंने मंदिर प्रशासन, शासन और पारंपरिक अर्चकों द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए गुरुदेव जगद्गुरु भारती तीर्थ महाराज की ओर से भक्तों को मंगल आशीर्वाद दिया।

राज्य स्तरीय अंडर-17 लीग फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 5 दिसंबर से



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के सहयोग से शहर के चर्च मैदान पर लगातार दूसरी बार जिला फुटबाल एसोसिएशन के माध्यम से आगामी 5 दिसंबर से होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-17 लीग फुटबाल प्रतियोगिता की जोरदार तैयारियां जारी है। प्रतियोगिता के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए इंटरनेशनल फुटबाल खिलाड़ी सुयश कन्नोजिया, सचिव आनंद उपाध्याय, मनोज अहिरवार, विपिन पवार, अरुण राठौर सहित अन्य को प्रशिक्षक के रूप में शामिल किया गया है। वहीं मैदान पर ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक रोमांचक मैच में सीहोर बाइज ने आरएसआई को 2-1 से हराया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि आगामी 5 दिसंबर से होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-17 फुटबाल प्रतियोगिता में इस बार 16 टीमों को शामिल किया गया है, गत वर्ष 7 टीम थी, लेकिन प्रतियोगिता के सफल आयोजन के बाद अब टीमों में वृद्धि की है। इस बार मध्यप्रदेश के भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, इंदौर, नीमच, छिंदवाडा, बडवानी, शुजालपुर, सीहोर के अलावा अन्य टीम शामिल है।

शानदार जीत हासिल कीः शहर के चर्च मैदान पर आयोजित ब्लाक स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में कांटे की टक्कर में सीहोर बाइज की टीम ने शानदार वापसी करते हुए आरएसआई को 2-1 से पराजित किया। मुकाबले के अंतिम समय में सीहोर बाइज के खिलाड़ियों ने लगातार दो गोल दागकर मैच का रुख बदल दिया और अपनी टीम को जीत दिलाई। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

देवलीला ज्वेलर्स चोरी का खुलासा करने सराफा संघ ने पुलिस को दिया दो दिन का अल्टीमेटम

गंजबासौदा। लीलाधर मार्केट स्थित देवलीला ज्वेलर्स में हुई चोरी की वारदात का खुलासा नहीं होने से व्यापारियों में नाराजगी बढ़ रही है। शुक्रवार को गंजबासौदा सराफा एवं स्वर्णकार संघ समिति ने एसडीओपी को ज्ञापन सौंपकर दो दिन में चोरी का पर्दाफाश करने की मांग की।

ज्ञापन में संघ ने कहा कि पुलिस थाने के समीप चोरी की वारदात होने से शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना के बाद व्यापारियों में भय का माहौल है। संघ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द चोरी का खुलासा नहीं हुआ तो पुलिस के प्रति व्यापारियों का विश्वास कमजोर होगा।

संघ ने चोरी की वारदात का खुलासा कर व्यापारियों को संतुष्ट करने, शहर के प्रमुख चौराहों पर खराब पड़े सीसीटीवी कैमरों को तत्काल दुरुस्त कराने, रात्रि गश्त बढ़ाने और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि पुलिस को चोरी का खुलासा करने के लिए दो दिन का समय दिया गया है। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर व्यापार महासंघ के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

मंगलाज में जनविश्वास शिविर, मंत्री परमार और कलेक्टर ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को जनपद पंचायत मो. बड़ोदिया की ग्राम पंचायत मंगलाज के श्रीकृष्ण धर्मशाला, पाटनपुरा मोहल्ले में शिविर आयोजित किया गया। इसमें उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार और कलेक्टर डॉ. परिक्षित संजयराव झाड़े ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

मंत्री परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जनविश्वास अभियान शासन को आमजन तक पहुंचाने और नागरिकों का विश्वास मजबूत करने का प्रयास है। अभियान का उद्देश्य लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाना और पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का संवेदनशीलता और तत्परता से निराकरण हो सके। सरकार का लक्ष्य विकास योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि प्रत्येक नागरिक को सम्मान, सुविधा और न्याय मिल सके।

योजनाओं की जानकारी देकर हितग्राहियों को किया लाभान्वित

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और योजनाओं के तहत मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। ग्रामीणों की योजना संबंधी जिज्ञासाओं और समस्याओं का समाधान भी किया गया। इस दौरान अतिथियों ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए।

ग्रामीणों को दिया सीपीआर का प्रशिक्षणः शिविर में अनुभवी चिकित्सकों ने ग्रामीणों को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। चिकित्सकों ने सीपीआर की आवश्यकता, सही प्रक्रिया और आपातकालीन परिस्थितियों में इसके महत्व की जानकारी दी। प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीणों को आपात स्थिति में जीवन बचाने के लिए तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत सीईओ शैलेंद्र सिंह सोलंकी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण, विभिन्न वार्डों में पहुंचे



नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिव्यांक सिंह शुक्रवार को जिला चिकित्सालय पहुंचे। कलेक्टर ने चिकित्सालय में रोगियों को दी जारही सुविधाओं का जायजा लिया और सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि रोगियों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सेवाएं देना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने एनआरसी, चिल्ड्रन, इंटेंसिव केयर,महिला वार्ड,पुरुष वार्ड, पोस्ट ऑपरेटेड वार्ड,लेबोरेटरी, ओपीडी गहन चिकित्सा,आईसीयू, टीकाकरण कक्ष आदि का निरीक्षण किया।

कलेक्टदर अपने निरीक्षण में पुरुष वार्ड में भर्ती मरीज की जांच बाहर से कराने का चिकित्सालय में मामला आने पर अत्यंत नाराज हुए। सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि जो जांच अस्पताल में उपलब्ध है वह किसी भी स्थिति में बाहर से मरीज को नहीं कराना पड़े।

विभिन्न वार्डों में भ्रमण के दौरान गंदगी नजर आने तथा बेड पर गंदीचादरे देखने पर नाराजगी व्यंक्तह करते हुए मौजूद सिविल सर्जन डॉ. रावत को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने आईसीयु की व्यबवस्थासओं पर संतोष व्यवक्ते किया। एनआरसी तथा अन्य वार्डों में बच्चों से स्नेह और दुलार के साथ बातचीत की। एन आर सी मे दर्ज बच्चों की जानकारी प्राप्त की, रजिस्टर देखा, बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की, उनकी माताओं से भी बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में चर्चा की।

वार्डों में भर्ती मरीजों ने बताया कि उन्हें भोजन मिल रहा है दूध भी मिलता है।एन आर सी में बच्चों की संख्या अपेक्षाकृत कम पाई गई, बेड संख्या के अनुसार महिला बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया की पेरेंट्स को प्रेरित करें कि कुपोषित बच्चों को एन आर सी में भर्ती कराए।

छात्रावास की बालिकाएं कलेक्टर से किसी भी समय बात कर सकती हैः मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा मंदसौर में सिनीयर कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया गया। जनजाति कार्य विभाग के उक्त छात्रावास में उपस्थित बालिकाओं से कलेक्टर द्वारा केरियर पर चर्चा की गई, छात्रावास में दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली, छात्रावास के किचन में जाकर भोजन की गुणवत्ता को परखा गया, छात्राओं ने भोजन की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने कहा कि बालिकाएं किसी भी समस्या पर उनसे किसी भी समय बात कर सकती है कॉल कर सकती हैं।

बालिकाओं से चर्चा में कलेक्टर ने कहा कि वे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के अलावा स्पोर्ट्स में भी अच्छा केरियर बना सकती है। यदि उनको स्पोर्ट्स में रुचि हैं तो बताएं प्रशासन प्रत्येक संभव व्यवस्था करेगा। कलेक्टर ने छात्राओं से कहा कि अपने केरियर का लक्ष्य अवश्य निर्धारित करें। अगली बार जब वह छात्रावास में आएंगे तब बालिकाओं से जानकारी लेंगे कि अपने केरियर के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया है। उसके लिए क्या तैयारी है इस दौरान जिला संयोजक श्रीमती अंगूर बाला भगोरा उपस्थित थी। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को अपने भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री दिव्यांक सिंह ने मंदसौर स्थित शिवना नदी पर निमार्णाधीन पुल का निरीक्षण किया।